(क) मैसूर टोबैको लिमिटेड बंगलौर ने लाइसेंस के लिए ग्रावेदन कब दिया था ग्रौर इस कम्पनी ने कबसे काम शुरू किया ;

(ख) उक्त कम्पनी की स्थापना की शर्तें क्या हैं ग्रौर इसमें किन वस्तुग्रों का उत्पादन किया जा रहा है; ग्रौर

(ग) जिस समय से इस कम्पनी ने काम शुरू किया,उस समय से ग्रब तक उससे विभिन्न वस्तुग्रों का कितना-कितना उत्पादन हुग्रा है ?

ग्रौद्योगिक विकास, ग्रान्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन ग्रली ग्रहमद) : (क) मैसर्स मैसूर टोबैको लिमिटेड तम्बाकू की पत्तियों के ग्रभिसाधन ग्रौर ग्रभिसंस्कार का कार्य करते प्रतीत होते हैं। यह उद्योग, (विकास तथा विनियमन) ग्रधिनियम, 1951 की ग्रनुसूची में नहीं ग्राता है। ग्रतएव इस ग्रधिनियम के ग्रन्तर्गत कोई लाइसेन्स प्रदान नहीं किया गया है।

(ख) ग्रौर (ग). सरकार को कोई सूचना नहीं है।

ग्रशोक लेलैंड लिमिटेड, मद्रास

186. **श्री शारदा नन्द** :
श्री वंश नारायण सिंह :

क्या **ग्रौद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मन्त्री 11 नवम्बर, 1968 के ग्रतारांकित प्रश्न संख्या 148 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मद्रास स्थित ग्रशोक लेलैंड लिमिटेड ने किन-किन वस्तुग्रों के निर्माण के लिए लाइसेंस मांगा था ;

(ख) उन्हें लाइसेंस किस तारीख को दिया गया ग्रौर काम कब चालू हुग्रा ;

(ग) क्या इस कम्पनी ने उन वस्तुग्रों की बजाय जिनके लिए लाइसेंस दिया गया था ग्रन्य वस्तुग्रों का निर्माण किया है ; ग्रौर

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

ग्रौद्योगिक विकास, ग्रान्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन ग्रली ग्रहमद) : (क) ग्रौर (ख). जानकारी देने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा है। [**पुस्तकालय में रख दिया गया। देखिए** संख्या LT—20/69]

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

बम्बई बर्मा ट्रेडिंग कारपोरेशन लिमिटेड, बम्बई

187. **श्री शारदा नन्द** :
श्री वंश नारायण सिंह :

क्या **ग्रौद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मन्त्री 11 नवम्बर, 1968 के ग्रतारांकित प्रश्न संख्या 148 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बम्बई बर्मा ट्रेडिंग कारपोरेशन लिमिटेड, बम्बई ने किन-किन वस्तुग्रों के निर्माण के लिए लाइसेंस मांगे हैं ;

(ख) उक्त कम्पनी को लाइसेंस किस तारीख को दिया गया था ग्रौर किस तारीख से कम्पनी ने काम करना शुरू किया;

(ग) क्या इस कम्पनी ने कुछ ऐसी वस्तुग्रों का भी उत्पादन किया है जिनके लिए उसे लाइसेंस नहीं दिया गया था; ग्रौर

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

ग्रौद्योगिक विकास, ग्रान्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन ग्रली ग्रहमद): (क) से (घ) जानकारी इकट्ठी की जा रही है ग्रौर वह सभा पटल पर रख दी जाएगी।